**सुविचार** -पत्थर में एक कमी है कि वो पिघलता नहीं है मगर एक खुबी भी है कि वो इंसान की तरह बदलता नहीं।

साप्ताहिक

डाक रजि./MP HSD/13/2021-2023/24-26 आर.एन.ए.पंजीयन संख्या-47485/86

सच की बात-सहजता के साथ

# पिपरिया प्रकाश

http://www.pipariyaprakash.com E-mail-pipariyaprakash@gmail.com Mob. 9425708959

वर्ष-40 अंक -19 पिपरिया (म. प्र.) दिन -गुरुवार दिनांक-26 मार्च 2026 मूल्य-5/00 पृष्ठ -8

## बनखेड़ी में भाजपा नेता पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर—भोपाल रेफर

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** ( छगन कुशवाहा ) पिपरिया/बनखेड़ी। बनखेड़ी थाना क्षेत्र में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब नायगांव निवासी भाजपा नेता सोनू साहू पर अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। वारदात के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई। जानकारी के अनुसार, हमले में गंभीर रूप से घायल सोनू साहू को तत्काल पिपरिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें भोपाल ले गए। फिलहाल उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही समर्थकों की भारी भीड़ अस्पताल पहुंच गई, जिससे वहां कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई। उधर, पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।



**पुरानी रंजिश या राजनीतिक विवाद?**

हमले के पीछे कारणों को लेकर कई तरह की चर्चाएं सामने आ रही हैं। कुछ लोग इसे पुरानी रंजिश का परिणाम मान रहे हैं, तो कुछ इसे राजनीतिक विवाद से जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि, पुलिस ने अभी तक किसी भी एंगल की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

**आरोपियों की तलाश जारी**

बनखेड़ी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के इलाकों में दबिश दी जा रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## झूलेलाल जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, लंगर में उमड़ा जनसैलाब

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** पिपरिया। भगवान श्री झूलेलाल जयंती के अवसर पर शुक्रवार को शहर में भव्य शोभायात्रा और लंगर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिंधी समाज के साथ अन्य समाजों के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पचमढ़ी रोड स्थित सिंधु धर्मशाला में दोपहर 1 बजे से लंगर प्रारंभ हुआ, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इसके बाद शाम 4 बजे श्री सिंधी गुरु मंदिर साहिब से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पचमढ़ी रोड स्थित सिंधी गुरुद्वारा से शुरू होकर इतवारा बाजार, ओवरब्रिज, मंगलवारा चौराहा होते हुए सांडिया रोड तक पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सिंधी समाज के वरिष्ठजन, सिख समाज के सदस्य एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। शहर के विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत किया गया।इस दौरान विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष नीना नागपाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी लंगर में पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की।

**दुर्गा मंदिर ट्रस्ट की ओर से पूजन अर्चन स्वागत किया गया।**

सिंधी समाज के वरिष्ठ भाजपा नेता गोपालदास दुदानी ने बताया कि कार्यक्रम में लोगों की अच्छी भागीदारी रही। उन्होंने सभी सहयोगियों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

## पिपरिया पुलिस की बड़ी सफलता, पीथमपुर से अपहृता को किया दस्तयाब

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** ( छगन कुशवाहा )) पिपरिया। थाना स्टेशन रोड पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपहृत युवती को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। मामले में पुलिस की सक्रियता और साइबर सेल की मदद से बड़ी सफलता मिली है।

जानकारी के अनुसार थाना स्टेशन रोड पिपरिया में दर्ज अपराध क्रमांक 12/26, धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपहृता की तलाश की जा रही थी। जांच के दौरान युवती के औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर में होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस अधीक्षक साईंकृष्णा थोटा के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसडीओपी पिपरिया व थाना प्रभारी द्वारा विशेष टीम गठित की गई।

टीम ने 16 मार्च की रात करीब 8 बजे साइबर सेल की सहायता से पीथमपुर की पटेल कॉलोनी स्थित एक किराए के मकान में दबिश दी, जहां से अपहृता को दस्तयाब किया गया। पूछताछ के बाद उसे महिला बल की अभिरक्षा में थाना लाया गया।

यहां महिला अधिकारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में कथन दर्ज कराए गए। जांच में अपहृता के साथ किसी प्रकार की आपराधिक घटना नहीं होना सामने आने पर उसे विधिवत उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।कार्रवाई में प्रधान आरक्षक प्रकाश सिंह, आरक्षक अजय, आरक्षक रोहित ठाकुर, महिला आरक्षक वंदना एवं साइबर सेल के आरक्षक दीपेश सोलंकी की अहम भूमिका रही।

## मोबाइल गुम हुआ, खाते से उड़े 2.78 लाख; 7 आरोपी गिरफ्तार, 92 हजार बरामद

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** नर्मदापुरम/सिवनी मालवा। साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सिवनी मालवा थाना पुलिस ने मोबाइल गुम होने के बाद खाते से रकम उड़ाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 92 हजार रुपए की राशि भी जब्त की है। फरियादी नर्मदा प्रसाद रघुवंशी, निवासी इंदिरा कॉलोनी बनापुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 फरवरी 2026 को उनका मोबाइल सिवनी मालवा क्षेत्र में गुम हो गया था। इसके बाद अज्ञात लोगों ने मोबाइल और सिम का दुरुपयोग कर उनके बैंक खाते से कुल 2 लाख 78 हजार रुपए निकाल लिए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण थोटा के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने मोबाइल और बैंकिंग डिटेल्स का इस्तेमाल कर हरदा जिले के अलग-अलग कियोस्क और एमपी ऑनलाइन सेंटरों से यूपीआई के जरिए लेन-देन कर ठगी की। रकम को अलग-अलग स्थानों से निकालकर ट्रांजेक्शन को जटिल बनाया गया। तकनीकी साक्ष्यों और डिजिटल ट्रांजेक्शन की जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। मामले में धारा 318(4) बीएनएस के तहत कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि साइबर अपराधों के खिलाफ सख्ती जारी रहेगी और आम लोगों की आर्थिक सुरक्षा के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## राज्य स्तरीय छै कैंप से लौटे स्वयंसेवक लक्ष्मण गोलिये का सम्मान

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** ( छगन कुशवाहा ) बनखेड़ी। शासकीय महाविद्यालय, बनखेड़ी में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (छै) के स्वयंसेवक लक्ष्मण गोलिये का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बीए द्वितीय वर्ष के छात्र लक्ष्मण हाल ही में राज्य स्तरीय छै कैंप में भाग लेकर लौटे हैं, जहां उन्होंने




सफलतापूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज कराई। प्राचार्य गोपाल जी के मार्गदर्शन एवं छै अधिकारी डॉ. जगत सिंह बामनिया के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार ने लक्ष्मण का फूल-मालाओं से स्वागत किया। साथ ही उन्हें मेडल, बैच और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. सविता शिवहरे, डॉ. अजय कौशिक, डॉ. नंदलाल पटेल, डॉ. अनूप साहू, डॉ. आशीष बिल्लौरे, डॉ. सुहाना गुप्ता सहित अन्य स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने लक्ष्मण की उपलब्धि को महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए अन्य छात्रों को भी प्रेरणा लेने की बात कही।

## सम्पादकीय

# युद्ध हल नहीं, समस्याएं देता है

दुनिया के कई देशों में युद्ध चल रहा है जिसका असर दूसरे देशों पर भी पड़ रहा है। लेकिन असली संकट युद्धग्रस्त देशों की जनता झेल रहीं है। जिनके सामने जीवन जीने का संकट खड़ा हो गया है। जहां गाजा में अब तक इजराईली हमले में 66 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके है जिनमें अधिकांश बच्चे और महिलाएं है। वहां हालात बेहद खराब है अकाल की आशंका जताई जा रहीं है। संयुक्त राष्ट्र ने युद्ध रोकने की अपील भी की है लेकिन इजराइल का कहना है कि हमास को पूरी तरह खत्म करने तक युद्ध जारी रहेगा। वहीं यूक्रेन में भी हालात ठीक नहीं है अब तक 1420 लोग मारे जा चुके है और 6545 लोग घायल है । यूक्रेन से 37 लाख लोग विस्थापित हो चुके है और लगभग 60 लाख विदेशों में शरणार्थी है।

28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान पर बड़े पैमाने पर हमला किया था। तब से यह जंग जारी है। इजराइल ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए काम कर रहा है जबकि ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्य क्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। अमेरिका और इजराइल ने युद्ध तो आरंभ कर दिया लेकिन ईरान के सामने वे कमजोर साबित हो रहें है। जहां ईरान अपने पर हुए हमलों का पूरी हिम्मत से जवाब दे रहा है। वहीं इजराइल ने अपने हमलों से दिखा दिया है कि उसमें इंसानियत बची ही नहीं है। जिस तरह से इजराइल ने ईरान में स्कूल पर बमबारी कर करीब 165 मासूमों को मौत के घाट उतार दिया। उन परिवारों पर इस वक्त क्या गुजर रहीं है जिनके घर के चिराग उनसे बिना वजह छीन लिए गए। उनकी मानसिक स्थिति का आप – हम अंदाजा भी नहीं लगा सकते । यहीं नहीं इजराइल ने एक 6 साल की मासूम बच्ची को भी चारों तरफ से घेर कर मारा वह गुहार लगाती रहीं लेकिन बेरहमियों ने एक ना सुनी। इस तरह के कई किस्से है जो आपको अंदर तक झकझौर सकते है। कि युद्ध में आप कितना कुछ खो सकते है । ईरान हमारा पारंपरिक मित्र रहा है लेकिन हमारे देष के प्रधानमंत्री ने अब तक ईरान के पक्ष में कोई बयान नहीं दिया है। हमारा देश अमेरिका के कहने पर चल रहा है। अमेरिका किसी का नहीं है वह हमारा मित्र नहीं बॉस बनने की सोच रहा है । तब ही तो भारत को आर्डर पर आर्डर दे रहा है और हमारी सरकार बिना कोई प्रश्न उठाएं उनके कहे अनुसार कदम बढ़ा रहीं है। मासूम बच्चों की मौत पर भी दो शब्द नहीं कहे गए। आखिर ऐसी भी क्या मजबूरी है कि सही को सही और गलत को गलत तक हमारी सरकार कह नहीं पा रही है। हमारी सरकार की तो यह स्थिति है कि पहले तो समस्या को स्वीकार ही नहीं करती और जब करती है तो इस तरह की आम लोग स्वयं ही हर समस्या का हल खोज लेंगे। पहले कहा कोई समस्या नहीं है फिर कह रहे है कि आपात स्थिति के लिए तैयार रहे। दिल्ली में अभी भी गैस के लिए लंबी – लंबी कतारे देखी जा सकती है। फिलहाल प्रधानमंत्री मोदी का एक बयान वायरल हो रहा है, जिसमें वे नेहरू जी के एक बयान का मजाक उड़ा रहे है। नेहरू जी ने कहा था कि दूसरे देशों के युद्ध का असर हमारे देष पर भी पड़ता है। इस बात को लेकर प्रधानमंत्री मोदी हंसते है, लेकिन आज क्या ???? फिलहाल भारत का किसी से युद्ध नहीं है फिर भी भारत में मंहगाई बढ़ रहीं है । कई समस्याओं का यहां की जनता सामना कर रहीं है। जब कांग्रेस की सरकार थी उस वक्त के मोदी जी के बयान सुनिए तो लगेगा कि यदि ये सत्ता में आ गए तो सारी समस्याएं हल हो जाएंगी, लेकिन बीते 10 सालों से ये सत्ता में है सोचिए क्या सारी समस्याएं हल हो गई ????

युद्ध किसी समस्या का हल नहीं बल्कि समस्या ही है। युद्ध दो देशों के बीच होता है लेकिन पिसती वहां की मासूम जनता है। कितनी उर्जा, पैसा, समय और इफ्रास्ट्रक्चर बर्बाद होता है, जनमानस की हानि होती है। अहंकार से युद्ध आरंभ होता है लेकिन बरसों तक कई जिंदगियों को रोने को छोड़ देता है।

## सिलारी में छै शिविर का समापन, युवाओं में सेवा और नेतृत्व का संचार

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** ( छगन कुशवाहा ) पिपरिया। शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तार महाविद्यालय, पिपरिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (छै) बालक इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रविवार को ग्राम पंचायत सिलारी में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि लाल सहाब वर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। इस दौरान स्वयंसेवकों ने शिविर के सात दिनों में किए गए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

शिविर में स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा ग्राम संपर्क जैसे विभिन्न सामाजिक कार्य किए गए, जिनका ग्रामीणों पर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला।

मुख्य अतिथि लाल सहाब वर्मा ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि छै युवाओं में सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस.के. मेहरा ने भी स्वयंसेवकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र हरदीप नागपाल, ग्राम पंचायत सिलारी के पूर्व सरपंच सीताराम मेहरा एवं रूपसिंह वर्मा सहित महाविद्यालय स्टाफ और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

अंत में कार्यक्रम अधिकारी कृष्णा खाड़े ने शिविर की गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कर सभी अतिथियों, ग्रामवासियों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

**कार्यालय : विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी (म.प्र.)**

क्र./212/साडा/पच/2026 पचमढ़ी दि. 25/3/2026

## द्वितीय निविदा-सूचना

एतद द्वारा समस्त टेंट संचालकों को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर किये जाने वाले आयोजनों हेतु वांछित सामग्री की दरें 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक के लिये प्राप्त की जाना है। अतः इच्छुक सेवा प्रदाता अपनी -अपनी दरें बंद लिफाफे में निर्धारित सूची अनुसार दिनांक 10/04/2026 को दोपहर 12.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | सामग्री का नाम /प्रति नग | प्रति नग दरें |
|---|---|---|
| 1. | टेंट 15X15 मय कनात एवं सीलिंग | |
| 2. | बिछायत दरी | |
| 3. | कारपेट प्रति वर्गफुट में अलग अलग | |
| 4. | कुर्सी फाईबर बिना हत्थे की कवर सहित | |
| 5. | कुर्सी फाईबर बिना हत्थे की बिना कवर के | |
| 6. | कुर्सी वीआईपी | |
| 7. | सोफे 2 सीटर | |
| 8. | सोफे 3 सीटर | |
| 9. | लोहे की फोल्डिंग टेबिल मय फिरिल | |
| 10. | एलईडी लाईट 200 वॉट | |
| 11. | एलईडी लाईटिंग पटटे एवं सीरीज | |
| 12. | पानी केम्पर 15 लीटर | |
| 13. | टी कन्टेनर | |
| 14. | कूलर बड़ा | |
| 15. | स्टेंड पंखा | |
| 16. | गंज 15 किलो मय ढक्कन | |
| 17. | गंज 25 किलो मय ढक्कन | |
| 18. | गंज 35 किलो मय ढक्कन | |
| 19. | कढाई छोटी | |
| 20 | कढाई बड़ी | |
| 21 | फाईवर प्लेट | |
| 22 | ट्रे बड़ी | |
| 23 | भट्टी सिंगल वर्नर | |
| 24 | भट्टी डबल बर्नर | |
| 25 | बड़ी थाल | |
| 26 | सेफिनडिस प्रति नग | |
| 27 | सर्विस स्पून बड़े प्रति नग | |
| 28 | स्टील बाल्टी | |
| 29 | स्टील डस्टबीन बड़ा | |
| 30 | स्टील डस्टबीन छोटा | |
| 31 | साउंड सिस्टम मय 2 स्पीकर एवं 2 वायरलेस माईक | |
| 32 | प्रोजेक्ट एवं स्क्रीन | |
| 33 | जनरेटर सेट प्रति घंटा रनिंग | |
| 34 | स्टेज प्रति वर्गफुट | |
| 35 | गद्दे | |
| 36 | चादर | |
| 37 | कम्बल | |
| 38 | तकिया | |
| 39 | गोल तकिया | |
| 40 | वॉश वेसन | |
| 41 | पेपर रोल प्रति नग | |
| 42 | पोडियम | |

शर्तें- 1. निविदा से संबंधित जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा के साथ रु. 5000/ नगद अमानत बतौर जमा करना होगा तभी निविदा मान्य होगी।
3. दरें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
4. टेंट की समस्त लगने वाली सामग्री कार्यक्रम स्थल पर स्वयं के व्यय से पहुंचाकर देना होगा एवं कार्यक्रम के उपरांत तत्काल उसे अलग करना होगा। सामग्री की टूट-फूट/सामग्री गुम होने की जवाबदारी संस्था की नहीं होगी।
5. सामग्री की गुणवत्ता खराब होने/साउंड सिस्टम सही कार्य न करने की दशा में भुगतान नहीं किया जावेगा।
6. वर्णित सामग्री के अतिरिक्त टेंट हाउस संबंधी सामग्री बाजार दर से कम दर पर उपलब्ध करना होगा।
7. सफल सप्लायर को भुगतान प्राप्त करने के लिये बिल के साथ खाता नं. आइ.एफ.एस.सी. कोड, पैन कार्ड एवं आधार कार्ड सहित देना होगा।
8. उपरोक्तानुसार समस्त दरें मय जीएसटी रेट के प्रदान की जावें।
9. देयकों का भुगतान शासन के नियमानुसार टी.डी.एस. काटकर दिया जावेगा, जिसका प्रमाण पत्र प्राप्त होने उपलब्ध कराया जावेगा।
10. किसी भी प्रकार के वादविवाद की स्थिति में अध्यक्ष/सी.ई.ओ. का निर्णय अंति एवं सर्वमान्य रहेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण**
**पचमढ़ी**

अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट

राज ट्रेडर्स

मो. 9806969697, $ 9893692487, 9644200339

कैलाश प्रेस के बाजू में सांडिया रोड, पिपरिया

होम डिलेवरी वाहन सुविधा कम दर पर उपलब्ध

लोहा उत्तम क्वालिटी टेस्टेड

डॉ. फिक्सइट आपके घर का डाक्टर सम्पूर्ण वाटर प्रूफिंग के लिए

ग्राहक का संतोष ही हमारी सफलता है।

# बस्ती आजीविका मिशन

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, करेली।** जल संरक्षण उन्मुखीकरण कार्यक्रम जन संवाद करेली बस्ती आजीविका मिशन कार्यालय में जनपद पंचायत करेली एवं नगर पालिका करेली के समक्ष किया गया, इस कार्यक्रम में पानी की हर बूंद का सम्मान, पानी संरक्षण हमारा अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ, करेली नगर धमनी नदी के किनारे बसा हुआ है, लेकिन धमनी नदी की पहचान खो गई है, इस कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष अनीता नेमा ने जल बचाने के लिए अपनी बात रखी एवं महेंद्र सिंह किलेदार वार्ड की पार्षद संगीता शर्मा पूर्व जल सभापति नगर पालिका परिषद करेली ने नदियों में जो जलकुंभी रहती है उसको हटवाने के लिए कलेक्टर श्री मति रजनी सिंह जी एवं जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र नागेश जी के समक्ष अपनी बात रखी क्योंकि जलकुंभी से नदियां खराब होती हैं जलकुंभी पानी पूरा सोख लेती हैं। नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार द्वारा सभी को जल बचाने के लिए शपथ दिलाई, इस कार्यक्रम में कलेक्टर रजनी सिंह, जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र नागेश, करेली जनपद अध्यक्ष प्रतिज्ञा परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार मंचासीन थी, सभी मंचासीन द्वारा जल संरक्षण के बारे में अपने–अपने विचार रखे एवं धमनी नदी को पुनर्जीवित करने के लिए अपनी–अपनी बात रखी गई, नगर पालिका सीएमओ एवं जिला पंचायत के इंजीनियर द्वारा जल बचाने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं। इस विषय पर सभी को जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में सीएमओ , पार्षद, सरपंच, सचिव, इंजीनियर, गणमान्य नागरिक, महिलाएं, सरकारी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।।

# कमिश्नर ने नर्मदापुरम से पिपरिया एवं नर्मदापुरम से हरदा तक बनी सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की सराहना की

कमिश्नर ने संभागीय समय सीमा की बैठक में विभिन्न लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

जनसंपर्क नर्मदापुरम । नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की एवं लंबित प्रकरणों के उचित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर श्री तिवारी ने एमपी आरडीसी द्वारा बनाए दो मार्ग नर्मदापुरम से पिपरिया रोड एस एच 67 एवं नर्मदापुरम से हरदा मार्ग एस एच 67 के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की सराहना की। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों रोड के निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं क्वालिटी इतनी अच्छी है कि आम जनता सफर के दौरान उक्त मार्गों पर बिना कठिनाई के आराम से जाना आना कर रही है। कमिश्नर श्री तिवारी ने बताया कि इस बार भी नरवाई का उचित प्रबंधन किया जाएगा। पिछली बार की तरह ही इस बार भी विभिन्न एजेंसियां अपनी मशीन लाएगी और नरवाई काटकर नरवाई का उचित प्रबंधन करेंगी। उन्होंने कृषकों से आह्वान किया कि वह नरवाई में आग ना लगाए अपितु नरवाई प्रबंधन मशीन का उपयोग करते हुए नरवाई का उचित निदान करें।

कमिश्नर ने बताया कि 1 अप्रैल से शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा, इस हेतु उन्होंने सभी स्कूलों में आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सर्वाइकल कैंसर से बालिकाओं को बचाने के लिए सर्वाइकल कैंसर रोधी टीकाकरण अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए की 14 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी का वैक्सीन अनिवार्य रूप से लगाया जाए ताकि भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से उनका बचाव हो सके।

कमिश्नर श्री तिवारी ने संकल्प से समाधान अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान अंतिम चरण में है। अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए और कहां की निराकरण करने के बाद निराकरण की स्थिति संकल्प से समाधान पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए।

समय सीमा की बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री नवल मीणा, उपायुक्त विकास श्री डी एन पटेल, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरोज परिहार सहित अन्य संभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# विश्व गौरैया दिवस पर जल पत्र अभियान शुरू करे – भागीरथ

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, करेली।** करेली 23 मार्च से आज से भीषण गर्मी की शुरुआत को देखते हुए पशु पक्षियों को पानी पीने को लेकर भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड से नियुक्त मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि ,जी सी सी आई प्रदेश प्रेस मीडिया प्रभारी भागीरथ तिवारी ने समस्त पशु पक्षी पर्यावरण प्रेमीयो से आग्रह किया कि विश्व गौरैया दिवस पर अपने अपने घरों के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में जल पात्र लगाए क्योंकि वर्तमान समय में पर्यावरण की सुरक्षा को देखते हुए पक्षियों की सुरक्षा आवश्यक है । प्रकृति में संतुलन बनाने के लिए पक्षी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हे ।

# गेहूं की MSP 3000 रुपये प्रति क्विंटल करे सरकार, नेता प्रतिपक्ष ने सीएम मोहन यादव को लिखा पत्र

मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मुख्यमंत्री से किसानों की गेहूं खरीदी 3000 रुपये प्रति क्विंटल करने एवं ऋण वसूली की अंतिम तिथि 30 अप्रैल करने की मांग की है।



भोपाल। गेहूं की सरकारी खरीद को लेकर प्रदेश की सियासत गर्म है। कांग्रेस ने राज्य सरकार से गेहूं की **MSP** तीन हजार रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग की है। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस विषय पर सीएम मोहन यादव को पत्र भी लिखा है। सिंघा र ने सीएम यादव से यह भी मांग की है कि किसानों से ऋण वसूली की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 अप्रैल किया जाए।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि वर्तमान समय में मध्य प्रदेश का किसान आर्थिक संकट से गुजर रहा है, ऐसे में सरकार को संवेदनशीलता के साथ ठोस कदम उठाने चाहिए। सिंघार ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि राज्य में गेहूं खरीदी की प्रक्रिया 1 अप्रैल से भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) एवं सहकारी समितियों के माध्यम से प्रारंभ होती है, जबकि किसानों के लिए ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित है। इस कारण किसानों को अपनी उपज बेचने से पहले ही ऋण चुकाने का दबाव झेलना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में ऋण वसूली की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक रहती थी, जिससे किसानों को फसल बेचकर भुगतान करने का पर्याप्त समय मिल जाता था। लेकिन पिछले वर्ष तिथि में बदलाव कर इसे 31 मार्च कर दिया गया, जिसके कारण कई किसान समय पर ऋण जमा नहीं कर सके और डिफाल्टर घोषित हो गए।

नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से मांग की है कि किसानों की ऋण वसूली की अंतिम तिथि 31 मार्च के स्थान पर स्थायी रूप से 30 अप्रैल निर्धारित की जाए। साथ ही, तिथि परिवर्तन के कारण डिफाल्टर घोषित किसानों को राहत देते हुए कर्ज माफी या विशेष छूट प्रदान की जाए। कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार को चुनाव पूर्व किए घोषणा का याद दिलाते हुए कहा कि किसानों से 3000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदी शुरू करने तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर समयबद्ध खरीदी सुनिश्चित करने की भी मांग की है। -हम समवेत



ए.एस. खुराना मो. 7747022369
बी.एस.सी./डी.ओ.आर. 8871443275
मनु आई केयर एण्ड ऑप्टीकल्स
हमारे यहां नजर व धूप के चश्में नेत्र परिक्षण करके बनाये जाते हैं।
एच.डी.एफ. सी. बैंक के सामने, पिपरिया (म.प्र.)

पिपरिया डेन्टल क्लीनिक
(पं.नाथूराम गंगेले मार्ग) मंगलवारा पोस्ट आफिस के सामने पिपरिया

सुपर सिलेक्शन
मेन रोड थाने के सामने पिपरिया

बिरला का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन
फोन- 222664, 224664
अधिकृत विक्रेता My Cem Cement
श्री गुरुनानक ट्रेडर्स, पिपरिया

स्वस्थ आहार, स्वाद मजेदार...
रघुजी नमकीन
एक विश्वास
रतलामी, उज्जैनी, खट्टा मीठा, फलारी चिप्स इत्यादि नमकीन सभी होटल व किराना दुकानों पर उपलब्ध कृष्णा इन्दौर सेव भंडार
शोभापुर रोड, पिपरिया Ph.224241,
-प्रो. संतोष साहू Mob- 8839911938 संदीप साहू Mob- 9425310471





–राजपाल यादव द्वारा

# बनखेड़ी समाचार

## अनमोल साँसों की पूंजी

-संत राजिन्दरसिंह जी महाराज



पूरब के विभिन्न शास्त्र हमें बताते हैं कि हम सब इस दुनिया में सांसों की सीमित संख्या के साथ आए हैं। मृत्यु के समय, जब हमारी सांसों की संख्या समाप्त हो जाती है, तब आत्मा शरीर को छोड़ती है। यह हम पर निर्भर करता है, कि हम इन सांसों का कैसे इस्तेमाल करते हैं। हम इन सांसों की संख्या को, परमात्मा द्वारा सौंपी गई पूंजी या खाता समझ सकते हैं। प्रत्येक क्षण हम चुनाव कर सकते हैं कि पूंजी को कैसे खर्च करना है, समझदारी से या मूर्खता से।

इसी संदर्भ में एक गरीब इंसान की कहानी है, जिसे किसी अमीर इंसान ने चंदन के वृक्षों का वन देकर सहायता की थी। गरीब इंसान को चंदन की कीमत का एहसास नहीं था और उसने लकड़ियों को बेचने और घर बनाने के लिए काटना शुरू किया। कई वर्षों बाद वह अमीर यह देखने वापस आया कि गरीब इंसान कैसे काम कर रहा है। उसे उम्मीद थी कि वह इतना कीमती चंदन बेचकर अब अमीर बन चुका होगा। वह इस बात से हैरान हुआ, जब उसने देखा कि जंगल खाली हो चुका था और वह गरीब इंसान अब भी बड़ी मुश्किल से जीवन यापन कर रहा था। जब उसे यह एहसास हुआ कि चंदन का उच्चतम मूल्य उसे मिल सकता था, तब तक उसने अपने खजाने को गंवा दिया था। हमें ऐसे ही एक चंदन का वन, सांसों की संख्या की सौगात के रूप में खुद का, परिवार का और पूरे विश्व का भला करने के लिए मिला है।

हम अपने आप से पूछें कि हम प्रत्येक सांस का कैसा सौदा करते हैं? क्या हम अपनी सांसों का ऐसा उपयोग करते हैं जो वास्तव में लाभदायक है? इस सवाल का जवाब पाने के लिए हमें अपने जीवन के लक्ष्य और उद्देश्य को निश्चित करना होगा। हमारे फैसले से यह तय होगा कि हमारे जीवन की गाड़ी कौन सी पटरी पर जाएगी? हर इंसान में यह चुनने की क्षमता होती है कि उसे परमात्मा के पास जाना है या दूर जाना है। हर एक व्यक्ति के पास दुनियावी और आध्यात्मिक लक्ष्य की ओर काम करने के विकल्प होते हैं।

सबसे पहले हम इस बात का आभार माने व खुशी मनाएं कि हमें इस संसार में एक इंसान के रूप में जन्म मिला है। हाल ही में वैज्ञानिक अध्ययनों ने यह अनुमान लगाया है कि जीवन की जीवन की 70 से 90 लाख प्रजातियां हैं। प्राचीन काल में संतों ने जो कहा था ''84 लाख जियाजून हैं'', ये अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं यहीं से ''84 का चक्कर'' और ''जन्म-मरण'' का चक्कर'' शब्द बने। हजारों साल पहले कही गई संतों की बातों की वैज्ञानिक अब पुष्टि कर रहे हैं।

संख्या चाहे 70, 84, 90 लाख हो, सच यही है कि जीवन की प्रजातियां लाखों में है। इंसानी चोले में होना ही जश्न मनाने का कारण है। इसे ऐसे ही नहीं लेना चाहिए। इंसान में यह क्षमता है कि वह खुद को आत्मिक रूप में जान सके और परमात्मा को पा सके। हम इस मौके को न गंवाते हुए इसका फायदा उठाएं।

अधिकांश लोग इस इंसानी चोले की देन को पालन-पोषण, पुनरुत्पादन और इसे जीवित रखने में ही लगा देते हैं, हालांकि हमारा जीवन अनमोल है। आइए, हम इस जन्म की आध्यात्मिक पूंजी और बची हुई सांसों को परमात्मा की खोज में उपयोग करें। अगर हम अपनी सांसे, अपनी अध्यात्मिक उन्नति के लिए और दूसरों की भलाई के लिए इस्तेमाल करेंगे, तो फलस्वरूप हमें अनंत प्रेम, परम आनंद, शांति के रुहानी पुरस्कार प्राप्त होंगे। अपनी सांसों को दूसरों की मदद के लिए और आधात्मिक उन्नति के लिए उपयोग करके, हम इस दुनिया को एक बेहतर स्थान बना सकते हैं।

हर दिन हम अपनी प्राथमिकताओं को कुछ समय जरूर दें। हम अपनी दैनिक कार्य सूची लिख सकते हैं जिसमें हम आध्यात्मिक प्राथमिकताओं जैसे कि ध्यान-अभ्यास, निष्काम-सेवा, नैतिक जीवन जीने के लिए समय निश्चित कर सकते हैं। इस तरह परमात्मा द्वारा सौंपे गए चंदन के वन को हम खुद के और दूसरों के भले के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। हमें जीवन के प्रत्येक क्षण के इस्तेमाल के लिए ज्यादा सतर्क रहना चाहिए।

इस तरह हम अपने रुहानी लक्ष्य, आत्मा का परमात्मा से मिलाप को कम से कम समय में प्राप्त कर सकते हैं। चुनाव हमें करना है।




# प्रमाण पत्र वितरण कर किया बच्चों का स्वागत



**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** बनखेड़ी तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बाचावानी में आंगनबाड़ी केंद्र एक और दो के बच्चों को आंगनवाड़ी से विदाई कर शासन के दिशा निर्देशों अनुसार केंद्र पर बंश एवं बंशकी को स्कूल में प्रवेश लेने वाले बच्चों को महिला बाल विकास विभाग बनखेड़ी परियोजना से प्रमाण पत्र वितरण किया गए जो आज ग्राम पंचायत बाचावानी के पंच राजपाल यादव के हाथों से बच्चों को केंद्र पर स्वागत कर प्रमाण पत्र वितरण किया गया जिसमें स्थानीय बच्चों के पालक और स्कूल से श्रीमती सुषमा दुबे स्वास्थ्य विभाग से श्री मति रंजनी मेहरा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सरोज शुक्ला सविता अहिरवार और बच्चों के माता–पिता आदि मौजूद रहे।

# नाबालिक के अपहरण मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने आरोपियों से जप्त की दो कार।

## पुलिस की सक्रियता से 4 घंटे के भीतर नाबालिक दस्तयाब।

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, सोहागपुर।** नाबालिक बालिका के अपहरण मामले में सोहागपुर पुलिस के द्वारा पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी सांई कृष्णा एस थोटा एवं एएसपी अभिषेक राजन के निर्देश पर एसडीओपी संजू चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उषा मरावी के नेतृत्व में सोहागपुर पुलिस टीम के द्वारा अपहृत बालिका को 04 घंटे के अंदर दस्तयाब करने की कार्रवाई पुलिस की सक्रियता एवं तत्परता को प्रदर्शित करती है। दरअसल रविवार को सोहागपुर पुलिस को नाबालिक बालिका का अपहरण किए जाने की शिकायत बालिका के परिजनों सहित राज्य हेल्पलाइन डायल 112 के माध्यम से प्राप्त हुई थी। नाबालिक के पिता द्वारा पुलिस थाने में दूरभाष पर उक्त बात की जानकारी दी गई थी। मामला नाबालिक अपहरण से जुड़ा होने के कारण एसपी सांई कृष्ण एस थोटा के द्वारा तत्काल कार्रवाई के निर्देश सोहागपुर पुलिस को दिए गए थे।

नाबालिक को सोहागपुर मैन मार्केट की गली से लाल रंग की शिफ्ट कार एमपी 04 जेडआर 8590 में आरोपी हमजा खान, रिजवान खान एवं जाहिद खान के द्वारा कार में बैठाकर बाबई तरफ ले जाया गया था। यह नाबालिक के भाई ने देख लिया था अपहृता के भाई की सूचना पर सोहागपुर पुलिस के द्वारा पीछा किया गया साथ ही थाना माखन नगर, थाना बक्तरा एवं थाना बाडी की पुलिस से संपर्क किया गया। जैसे ही आरोपियों को पता चला कि पुलिस उनका पीछा कर रही है। तो रिजवान और जाहिद क्रेटा कार लेकर अपहृता एवं हमजा को छोडकर माखननगर से आगे चले गये थे। हमजा के दोस्त सलमान एवं संजू के द्वारा सफेद रंग की क्रेटा कार क्रमांक एमपी 04 ईव्ही 5219 से वापिस फॉरेस्ट कॉलोनी सोहागपुर आ गये थे। घटना मे लिप्त उक्त सभी आरोपियों को पुलिस द्वारा तत्काल हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आरोपियों से लाल रंग की शिफ्ट कार एमपी 04 जेडआर 8590 एवं सफेद रंग की क्रेटा कार क्रमांक एमपी 04 ईव्ही 5219 जप्त की गई है। हिरासत में लिये गये आरोपियों में हमजा खान पिता मो. नजीर खान निवासी मस्जिद के पास बाड़ी जिला रायसेन, रिजवान खान पिता रफीक खान निवासी वार्ड नं. 5 सोहागपुर, सलमान खान उर्फ फैजल खान पिता जफ्फार खान निवासी पिजारा मोहल्ला माखननगर, जाहिद खान पिता सलीम खान निवासी बजीरगंज कॉलोनी बाड़ी जिला रायसेन एवं संजीव मीना पिता शेर सिंह मीना निवासी जमुनिया थाना माखननगर शामिल हैं। महज 4 घंटे के भीतर नाबालिक को बरामद करने की कार्यवाही में थाना प्रभारी उषा मरावी, एस आई मेघा उदेनिया प्रधानारक्षक नरेन्द्र पटेल एवं दिनेश धुर्वे की मुख्य एवं एएसआई गणेश राय, आर आरक्षकों में सुनील ओझा, विवेक सोनपुरे एवं राजकुमार की सराहनीय भूमिका रही। **-आनंद पाराशर सोहागपुर**

# गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ने मनाई न्याय दर्शन के प्रणेता महर्षि गौतम की जयंती।

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, सोहागपुर।** गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज की नगर इकाई द्वारा गुरुवार को न्याय दर्शन के प्रणेता और सप्तऋषियों में से एक, महर्षि गौतम की जयंती पुराने थाने के पीछे स्थित काली मंदिर में उत्साह के साथ श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। उल्लेखनीय है कि महर्षि गौतम वैदिक काल के एक महान ऋषि थे। उन्हें न्याय दर्शन का जनक माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वे परम तपस्वी थे और उनकी पत्नी का नाम अहिल्या था। उनका जीवन सादगी, संयम और ज्ञान का प्रतीक है, जो आज भी समाज को सही मार्ग दिखाने का कार्य करता है। उनकी जयंती पर पूरे देश में विभिन्न स्थानों पर भव्य शोभायात्राएं, यज्ञ–हवन और प्रतिभा सम्मान समारोहों का आयोजन किया गया। समाज की ओर से दयाशंकर शर्मा ने बताया कि इस दौरान वरिष्ठ एवं युवाजनों के द्वारा गौतम ऋषि का पूजन, अर्चन, हवन एवं आरती की गई। समाज की ओर से पंडित कृष्णकांत दुबे ने जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित लोगों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी ऐसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आहूत करने से समाज में एक जुटता का संदेश जाता है। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद शर्मा रघुवीर व्यास, रविंद्र श्रोतीय, देवेंद्र श्रोतीय, हेमंत दुबे, विजय कुमार दुबे, अनिल कुमार दुबे, सचिन श्रोतीय, प्रदीप दुबे, भगवती शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। **-आनंद पाराशर सोहागपुर**

विश्वसनीयता ॥ श्री महावीराय नमः ॥ उचित दाम

श्री विजय जेम्स & ज्वेलर्स

(सोने, चांदी, हीरे के आभूषणों एवं राशि रत्नों के विक्रेता)



हमारे यहां समस्त असली राशि रत्न, उपरत्न, स्फटिक श्रीयंत्र शिवलिंग, माला, नवरत्न अंगूठी, ब्रेसलेट, कड़े, पारदेश्वर गोल्डप्लेटेड यंत्र उचित दाम पर उपलब्ध है



असली प्राकृतिक, लक्ष्मी प्रदाता, सुख समृद्धिदायक, दक्षिणावर्ती शंख एवं एक मुखी रूद्राक्ष उपलब्ध है।

सांडिया रोड, पालीवाल गैस एजेंसी के पास, पिपरिया

प्रो. सचिन जैन मो. 9425475891, 9425475431

# भारतीय सेना में अग्निवीर पदों भर्ती के लिए आवेदन जारी – 01 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन

## जून में होगी कॉमन एंट्रेंस परीक्षा (CEE)

जनसंपर्क भोपाल। सेना भर्ती कार्यालय,भोपाल से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय सेना में अग्निवीर पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना को जारी की गई है। यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट **www-joinindianarmy-nic-in** पर उपलब्ध है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी से प्रारंभ हो गई है, जो 01 अप्रैल 2026 तक खुली रहेगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जारी अधिसूचना के अनुसार अग्निवीर पुरुष (जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेडमैन दसवीं पास, ट्रेडमैन आठवीं पास), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी। जून में होगी कॉमन एंट्रेंस परीक्षा (CEE) भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 01 जून से 10 जून 2026 के मध्य आयोजित किए जाने की संभावना है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा से संबंधित दिशा–निर्देश एवं पात्रता शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें।

अग्निवीर भर्ती 2026 के लिए आयु सीमा एवं शैक्षिक योग्यता अग्निवीर भर्ती 2026 के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को भारतीय सेना द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करना अनिवार्य है। अग्निवीर भर्ती 2026 में केवल वही अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं जो आयु सीमा और शैक्षणिक योग्यता से संबंधित सभी शर्तों को पूरा करते हैं। पात्रता मानदंडों को पूरा न करने की स्थिति में उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अग्निवीर वैकेंसी 2026 के अंतर्गत भारतीय सेना अग्निवीर परीक्षा 2026 की विस्तृत पात्रता आयु सीमा 17.5 वर्ष से 21 वर्ष,शैक्षणिक योग्यता उम्मीदवार का 10वीं/मैट्रिक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, न्यूनतम 45: कुल अंक तथा प्रत्येक विषय में 33: अंक राष्ट्रीयता भारतीय नागरिक लिंग पुरुष एवं महिला (पद के अनुसार) इंडियन आर्मी अग्निवीर रिक्रूटमेंट के तहत चयनित उम्मीदवारों को भारतीय सेना में आकर्षक वेतन पैकेज और भत्ते प्रदान किए जाएंगे।

अग्निवीर भर्ती 2026 के अंतर्गत शुरुआती वेतन लगभग ध30,000 प्रति माह होगा, जिसमें समय–समय पर वार्षिक वृद्धि की जाएगी। इसके अलावा अग्निवीरों को जोखिम भत्ता, कठिनाई भत्ता सहित अन्य लागू भत्ते भी मिलेंगे। चार वर्ष की सेवा अवधि पूरी होने पर एक अग्निवीर को कुल वेतन पैकेज लगभग 6.92 लाख प्राप्त होगा। साथ ही सेवा समाप्ति पर अग्नि वीर वैकेंसी 2026 के अंतर्गत चयनित उम्मीदवारों को ब्याज सहित लगभग 11.71 लाख की सेवा निधि राशि दी जाएगी। नीचे भारतीय सेना अग्निवीर 2026 के वर्षवार वेतन कार्यकाल अवधि प्रति माह वेतन प्रथम वर्ष 30,000 + लागू भत्ते द्वितीय वर्ष 33,000 + लागू भत्ते तृतीय वर्ष 36,500 + लागू भत्ते एवं चतुर्थ वर्ष 40,000 + लागू भत्ते प्राप्त होते हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किया श्रमदान

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नर्मदापुरम के द्वारा समस्त जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता हेतु कई प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पिपरिया विकासखंड के सिवनी घाट पर जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नर्मदा तट क्षेत्र में श्रमदान के माध्यम से साफ सफाई का कार्य किया गया एवं उपस्थित लोगों को जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था वूमेन चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन मंजू , सामाजिक शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति आराध्या, सामाजिक संस्था सहित अनेक संस्थाओं का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वयक दयाशंकर उमरे के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर महेंद्र पटेल, देवेंद्र पटेल, शीतल मोर्य, दुर्गेश गोस्वामी, पुष्पराज पटेल, समाज सेवी मीरा गढ़वाल का विशेष सहयोग रहा।

Prime Motivation Institute
एक दशक से नगर की प्रतिभाओं को निखारने में सफल संस्थान, नौकरी प्राइवेट हो या सरकारी हो, व्यापार छोटा हो या बड़ा हो, आप छात्र-छात्रा हो या व्यवसायी हो, आप युवती हो या गृहणी हो, आप सभी के लिए सफल भविष्य की राह चुनने एवं सफलतापूर्वक अपने मंजिल तक पहुचने के लिए आपकी आवश्यकतानुसार सभी कोर्सेस एक ही कैंपस में उपलब्ध कराने वाला एक मात्र ट्रेनिंग & प्लेसमेंट सेण्टर.......
प्रवेश प्रारंभ
Spoken English & Advance Effective English
Tally ERP.9 With GST | M.S. Office | CPCT
Bank | Railway | SSC | MP Police | Samvida
उपलब्ध सुविधाए
1. CCTV कैमरे से निगरानी
2. A.C. Classrooms & LAB
3. लाइब्रेरी
4. Printed Notes
5. Digital Classrooms
6. शिक्षित एवं अनुभवी फैकल्टी
7. वीकली टेस्ट
8. Job Counselling
9. Consultancy
Add – Above Malwa Dairy, Cement Road Pipariya
Contact – 9893623179, 9179406595, 9329555595

# संसदीय स्थायी समिति की बैठक में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने रखे महत्वपूर्ण सुझाव

जनसंपर्क नर्मदापुरम । भारतीय संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में होशंगाबाद–नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी शामिल हुए। बैठक के दौरान समिति के 377वें प्रतिवेदन पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया, जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की वर्ष 2026–27 की अनुदान मांगों से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।

सांसद श्री चौधरी ने महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण एवं पोषण, आंगनवाड़ी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण एवं व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचे, इसके लिए निगरानी व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है।

बैठक में नीति निर्माण को अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि महिला एवं बाल विकास से जुड़े विषय देश के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।



न्यू विनीत ट्रांसपोर्ट
शोभापुर रोड, पिपरिया
जिला-नर्मदापुरम(म.प्र.)
Mob- 9300734595, 9827576290, Ph.220409
विशेष- छोटी गाड़ी सम्पूर्ण भारत में भेजी जाती है।

करें नवशिशु का स्वागत, प्यार दुलार।
न्यू ललित किड्स कॉर्नर में श्रीमान् पधारें।
नवशिशु के स्वागत के लिए- गद्दे तकिये सेट, मच्छरदानी, बाकर बाबागाड़ी, झूला, खेल खिलौने आदि की विस्तृत श्रृंखला।
साथ ही आप सभी के लिए अंडर गारमेंट्स की संपूर्ण रेंज।
न्यू ललित होजरी एण्ड किड्स कार्नर
3-4 ललित आर्केड, मीठी गली , पिपरिया

विकी हार्डवेयर स्टोर्स
फोन कार्यालय 224664,
निवास- 222664मो. 9893200814
सिंधी गुरू मंदिर के सामने पचमढ़ी रोड, पिपरिया
बिरला व्हाइट सीमेंट एवं वाल केयर पुट्टी
उच्चकोटि के लोहा व सीमेंट एवं भवन सामग्री के थोक व फुटकर विक्रेता

अद्वितीय विशाल सोने एवं चांदी के आभूषणों के शोरुम पर हम आपका हार्दिक अभिनंदन करते है।
विजय ज्वेलर्स
मेन रोड, पिपरिया
जिला–नर्मदापुरम (म.प्र.) फोन–मो. 9425475530



चन्द्रकान्त अग्रवाल
(कर सलाहकार)
उपलब्ध सेवाएं -
(1) इन्कम टेक्स, जी.एस.टी, टी.डी.एस., प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं अन्य सभी टेक्शेशन से संबंधित कार्य
(2) लाईफ एंशुरेन्स-पी.एन.पी. मेटलाइफ इन्शुरेंस
(3) हेल्थ एंशुरेन्स- एचडीएफसी हैल्थ एन्शुरेंस
सम्पर्क करें - दुकान नं. 2 अर्बन गेलेक्सी, जीन कम्पाउंड, गोपाल ट्रांसपोर्ट के पीछे, ऊमर वाले दादा मंदिर के सामने वाली रोड, पिपरिया मो. 9893803544

PIPARIY fina 26-3-2026 - Copy - Copy.pmd 5 3/28/2026, 9:25 AM

।। ॐ भूर्भुव: स्व: तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो न: प्रचोदयात्।।



# अखण्ड ज्योति

ऋषि चिंतन के सान्निध्य में

## पाप की कमाई से सच्चा सुख नहीं मिलता

पाप की कमाई घर में आती हुई तो मालूम होती है , पर जाने के लिए भी उसके हजारों पैर लग जाते हैं। उसको उपभोग करने वाले इतने ऐय्याश और फिजूलखर्च बन जाते हैं कि उनकी जरूरतें कभी पूरी ही नहीं होतीं। आप कमाते कमाते थक जाते हैं, पर संतान खर्च करते-करते नहीं थकती।

पाप की कमाई करने वाले आराम से नहीं रहते। किसी -किसी को तो रोटी भी नसीब नहीं होती और सारी उमर तंगी में गुजरती है। उन लोगों की बाहरी टीमटाम इतनी बढ़ जाती है कि पास में कुछ भी नहीं बचता। जब कोई ब्याह-शादी का खर्च आ पड़ा तो ऐसे लोगों को कर्ज लेकर ही काम चलाना पड़ता है। कर्ज भी थोड़ा नहीं, क्योंकि अपनी झूठी शान को बनाए रखने के लिए उनको बहुत रुपए चाहिए। इस तरह कर्जदार हो जाने से सारी उम्र परेशानी में ही गुजरती है। इसके विपरीत पाप की कमाई से बचने वाले बहुसंख्यक लोग अच्छी हालत में मिलेंगे। इस प्रकार विचार करने से यही नतीजा निकलता है कि न तो पाप से अधिक कमाई करने वाले सब सुखी हैं और न नेक कमाई पर संतोष करने वाले सब दुःखी ही हैं। सुखी और दुःखी दीखने वाले दोनों में एक बराबर है, पर आत्मसुख जिसे शांति कहते हैं, पाप की कमाई करने वालों में किसी को नसीब नहीं है , यह बात डंके की चोट पर कही जा सकती है।

-अखण्ड ज्योति -जून 1957 पृष्ठ-31-32

# सभी एसडीएम जिले में उपलब्ध संसाधनों का समुचित आंकलन कर नरवाई प्रबंधन सुनिश्चित करें – कलेक्टर

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की नरवाई प्रबंधन, एलपीजी आपूर्ति एवं गेहूं उपार्जन की समीक्षा

जनसंपर्क नर्मदापुरम । कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में नरवाई प्रबंधन, गेहूं उपार्जन कार्य एवं एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने नरवाई प्रबंधन हेतु तैयार कार्ययोजनाओं की अनुविभागवार समीक्षा की। उन्होंने गेहूं कटाई के अनुपात में उत्पन्न होने वाले फसल अवशेषों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसानों को नरवाई न जलाने के लिए जागरूक किया जाए तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने एसडीएम नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि अनुविभाग स्तर पर सुस्पष्ट कार्ययोजना तैयार करें और क्षेत्र में उपलब्ध गौशालाओं की भूसा भंडारण क्षमता का आकलन कर नरवाई से भूसा बनाने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करें। इसी प्रकार एसडीएम पिपरिया को भी स्पष्ट कार्ययोजना तैयार कर किसानों को जागरूक करने तथा नरवाई प्रबंधन के अधिक से अधिक विकल्प तलाशने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने फसल अवशेष प्रबंधन हेतु आवश्यक कृषि यंत्रों की उपलब्धता का आकलन करने तथा पब्लिक, प्राइवेट एवं शासकीय समन्वय से प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



गेहूं उपार्जन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी अनुविभागीय अधिकारी रकबा सत्यापन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही उन्होंने यह निर्देश भी दिए की प्राप्त उपार्जन केंद्र के प्रस्तावों का अनुमोदन करवाते हुए संबंधित समितियों का प्रशिक्षण भी शीघ्र करवाया जाए। जिन उपार्जन केंद्रों के प्रस्ताव को अंतिम रूप नही दिया गया है वे भी शीघ्र प्रस्ताव प्रेषित कर अनुमोदन करवाए।

कलेक्टर ने जिले में एलपीजी की सतत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के लिए समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को अधिक मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि व्यवसायिक संस्थानों जैसे होटल रिसोर्ट आदि स्थान पर निरंतर जांच करें तथा यह सुनिश्चित करें कि ऐसे किसी भी स्थान पर घरेलू सिलेंडरों का उपयोग न किया जा रहा हो। इस दौरान कलेक्टर सुश्री मीना ने यह निर्देश भी दिए कि सभी संबंधित अधिकारी एलपीजी आपूर्तिकर्ता संस्थाओं के स्टॉक तथा सप्लाई चेन की भी निरंतर निगरानी करें। सर्वर समस्या के कारण नागरिकों में किसी भी प्रकार की भ्रांति की स्थिति न उत्पन्न हो यह भी सुनिश्चित करे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करते हुए व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए।






## कालूराम मूलचंद गट्टानी शोभापुर

के सोने व चांदी की शुद्धता के विश्वास के साथ अब निर्माण की दुनिया में हमारी नई पहचान

AAC BLOCk Autoclaved, Aerated, Concrete



मकान, गोदाम, मॉल, होटल, बिल्डिंग्स, बाउंड्री वाल्स आदि निर्माण हेतु उपलब्ध



ब्लॉक साइज -
लम्बाई 24'' ऊंचाई 8'' 3'', 4''6'', 8''

लगाने में आसान, तराई की आवश्यकता नहीं, साधारण ईंट की तरह टूट-फूट नहीं, वजन में हल्का, मकान में सीलन से मुक्ति, प्लास्टर का खर्च कम, सीमेंट एवं रेत की आवश्यकता नहीं, दीवार पर आने वाले खार से मुक्ति, गर्मी में 4 से 5 डिग्री ठंडा, दीमक से मुक्ति

- ☞ISI Mark Grade 1 AAC ब्लॉक्स
- ☞समृद्धि प्लास्टिक्स
- ☞पॉवर टूल्स एवं स्पेयर पार्टस
- ☞LED लाईट्स
- ☞कंस्ट्रक्शन केमिकल
- ☞सुप्रीमो पानी की टंकिया
- ☞RCC चौखट, जंगले, खिड़की एवं दरवाजे
- ☞LED लाईट्स
- ☞समस्त हार्डवेयर
- ☞CPVC, UPVC, SWR, Pressure, VGD, Coloumn Pipe एंड फिटिंग्स

ब्लॉक्स हेतु जानकारी व आर्डर हेतु सम्पर्क करें

**गट्टानी ट्रेडिंग कम्पनी** मंडी रोड, गणेश मंदिर के पास, हथवांस, पिपरिया
मो. 8085256256, 9479914256 प्रोप्राईटर- आनंदा गट्टानी

## पिपरिया शहर का प्राचीन औषधालय

श्री कृष्ण सेवा संघ धमार्थ औषधालय धर्मशाला रोड पिपरिया

- ✻पिपरिया एवं क्षेत्र के नागरिकों की स्वास्थ्य सेवा में हमेशा प्रयत्नशील
- ✻ अनुभवी वैद्यजी द्वारा परामर्श
- ✻ आयुर्वेदिक दवाओं का निशुल्क वितरण
- ✻ पंजीयन शुल्क मात्र दो रुपए

औषधालय का समय : सुबह 9 से 12 बजे तक

यदि हो गये हो बीमार -आयुर्वेद ही सही उपचार।

ऋषि मुनियों ने आयुर्वेद को अपनाने के आशीर्वाचन दिए हैं उन्हें अपनाइए ।आयुर्वेदिक उपचार अपनाऐ ।स्वस्थ जीवन पायें ।।

## मे. शुभम् ट्रेडर्स

क्या बिजली पानी समस्या से परेशान है , समस्या आपकी, समाधान हमारा

कुशल इंजीनियरों से निर्मित उत्तम गुणवत्ता व विश्वनीयता का बेजोड़ संगम

**अधिकृत विक्रय-**(1) सागा सिंगल थ्रीफेस मोनो एवं सम्मरशिबल पम्पस् अहमदाबाद गुजरात (2) रिगामेन सम्मरशिबल राजकोट V-3-V-4-V-6-V-7, (3) स्वयं P.V.C. केसिंग पाइप 3" से 12" साइजों में उपलब्ध ✻ विशाल एवं स्प्रिंकलर्स पाइप (4) जनरेटर, सेट, डीजल ऐंजिन उत्तम, बीज (5) प्रीमियर फाउन्टेन कोलकता (6) अन्य स्टारटर एल एंड टी, एच.पी.एल, आटो स्विच केवल व अन्य कृषि सामग्री के विक्रेता एवं गवर्मेन्ट सप्लायर

दिमाग पर ज्यादा जोर न लगायें । अपने पैसों से सही सुविधा पायें ।।

निवास-गली नं. 3 सरदार वार्ड पिपरिया Mob. 9630556704,9993283326

# युद्ध के दबाव में कृषि

–निलेश देसाई

**अमरीका–इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ छेड़ा गया निरर्थक युद्ध अब असर दिखाने लगा है। भरे–पूरे, जीवित देशों की बरबादी और असंख्य मौतों के अलावा तेल की कमी से पैदा हुए कृषि, खाद्य, परिवहन और तरह–तरह की जरूरतों के संकट ने दुनिया भर को कुल तीन हफ्तों में हलाकान कर दिया है। क्या है, यह संकट? क्या हमारे देश में इससे कुछ सीखा भी जा सकता है? बता रहे हैं, निलेश देसाई। –संपादक**

पश्चिम एशिया में बढ़ते भू–राजनीतिक तनाव ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि वैश्विक संकटों का असर अंततः आम लोगों की ज़िंदगी और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ता ही है। हाल के घटनाक्रमों ने दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति की सबसे महत्वपूर्ण धमनियों में से एक, 'होर्मुज जलडमरूमध्य' को अस्थिर बना दिया है। यह वही समुद्री मार्ग है जिससे दुनिया का लगभग एक चौथाई कच्चा तेल और बड़ी मात्रा में 'तरलीकृत पैट्रोलियम गैस' (एलपीजी) गुजरती है।

ऊर्जा बाजार में किसी भी प्रकार की हलचल का असर केवल पैट्रोल और डीज़ल की कीमतों तक सीमित नहीं रहता। इसका सीधा प्रभाव उर्वरक, परिवहन और अंततः कृषि उत्पादन पर पड़ता है। भारत जैसे देश, जो ऊर्जा और उर्वरकों के कच्चे माल के आयात पर काफी हद तक निर्भर हैं, उनके लिए यह स्थिति विशेष रूप से चिंता का विषय है।

ऐसे समय में जब मानसून की खरीफ फसलों का मौसम सामने है, भारत की कृषि व्यवस्था एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है। भारत को कृषि प्रधान देश कहा जाता है जहां की आधी आबादी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से खेती पर निर्भर है। ऐसे में यदि उर्वरकों की आपूर्ति प्रभावित होती है या उनकी कीमतों में वृद्धि होती है, तो इसका असर केवल किसानों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी खाद्य व्यवस्था और उपभोक्ता बाजार तक पहुँचेगा।

भारत की खेती का एक बड़ा हिस्सा खरीफ पर आधारित है। धान, सोयाबीन, मक्का, दालें और तिलहन जैसी फसलें इसी मौसम में बोई जाती हैं। इन फसलों के लिए किसानों को विशेष रूप से नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटेशियम वाले यूरिया और 'डीएपी' जैसे रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता होती है। इनके उत्पादन में ऊर्जा और आयातित कच्चे माल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बाधा आती है या तेल की कीमतों में तेज़ उछाल आता है, तो उर्वरकों की लागत बढ़ना लगभग तय है।

इसके साथ ही डीज़ल की बढ़ती कीमतें भी किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन सकती हैं। देश के कई हिस्सों में आज भी सिंचाई के लिए डीज़ल पंपों का उपयोग होता है। डीज़ल महंगा होने पर केवल सिंचाई ही नहीं, बल्कि जुताई, कटाई और परिवहन सभी महंगे हो जाते हैं। खेती की लागत में यह बढ़ोतरी अंततः किसानों की आय को प्रभावित करती है और कई बार इसका असर खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर भी दिखाई देता है।

यह संकट केवल उत्पादन लागत तक सीमित नहीं है। भारत की खाद्य व्यवस्था भी कई महत्वपूर्ण कृषि उत्पादों के आयात पर निर्भर है। विशेष रूप से खाद्य तेलों का एक बड़ा हिस्सा विदेशों से आता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता होने पर इन वस्तुओं की उपलब्धता और कीमत दोनों प्रभावित हो सकती हैं। घरेलू उत्पादन को मजबूत करना और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ना आज पहले से अधिक आवश्यक हो गया है।

याद कीजिए, रासायनिक खाद, दवाओं से मुक्ति के चक्कर में 2021 में श्रीलंका ने बिना पर्याप्त तैयारी के अचानक रासायनिक उर्वरकों पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया था। इस फैसले का परिणाम यह हुआ कि कृषि उत्पादन में भारी गिरावट आई, किसानों की आय घट गई और देश को गंभीर खाद्य संकट का सामना करना पड़ा। स्पष्ट है, कृषि में किसी भी परिवर्तन को बिना तैयारी और चरणबद्ध रणनीति के लागू करना गंभीर जोखिम खडा कर सकता है।

भारत के लिए आज चुनौती यह है कि वह इस वैश्विक संकट को केवल एक खतरे के रूप में न देखे, बल्कि इसे कृषि व्यवस्था को अधिक टिकाऊ और आत्मनिर्भर बनाने के अवसर के रूप में भी समझे। इसमें सबसे पहला कदम होना चाहिए, किसानों को वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जाना। अक्सर संकट के समय सबसे बड़ी समस्या सूचना के अभाव की होती है। यदि किसानों को समय रहते यह बताया जाए कि उर्वरकों की उपलब्धता सीमित हो सकती है या उनकी कीमत बढ़ सकती है, तो वे अपनी फसल–योजना और पोषण–प्रबंधन को उसी के अनुरूप बदल सकते हैं।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम उर्वरकों के विवेकपूर्ण और संतुलित उपयोग को बढ़ावा देना है। कई बार किसान परंपरा या सलाह के अभाव में आवश्यकता से अधिक रासायनिक खाद का उपयोग करते हैं। यदि वैज्ञानिक तरीके से मृदा–परीक्षण, संतुलित पोषण और जैविक विकल्पों को बढ़ावा दिया जाए, तो उर्वरकों की मांग को कम किया जा सकता है।

तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण कदम स्थानीय संसाधनों पर आधारित उर्वरक व्यवस्था को मजबूत करना है। गोबर, फसल–अवशेष, हरी खाद और अन्य जैविक संसाधनों से बनने वाले कम्पोस्ट तथा जैविक खाद खेती की लागत को कम करने के साथ–साथ मिट्टी की सेहत को भी बेहतर बनाते हैं। यदि राष्ट्रीय स्तर पर 'जैविक कम्पोस्ट मिशन' जैसी पहल शुरू की जाए तो यह दीर्घकालीन समाधान साबित हो सकती है।

इसके साथ ही 'कृषि विज्ञान केंद्रों,' कृषि विश्वविद्यालयों और किसान संगठनों को मिलकर प्राकृतिक खेती, कम लागत वाली खेती और पोषण प्रबंधन के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बड़े पैमाने पर चलाना चाहिए। किसानों को केवल सलाह देने की बजाय उन्हें व्यवहारिक प्रशिक्षण और सफल उदाहरणों से जोड़ना अधिक प्रभावी होगा। यह भी आवश्यक है कि दलहन और तिलहन उत्पादन को विशेष प्राथमिकता दी जाए। इससे किसानों को बेहतर मूल्य मिल सकता है और देश की आयात निर्भरता भी कम हो सकती है।

'हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य' में उत्पन्न संकट के दौरान यदि समय रहते दूरदर्शिता के साथ कदम उठाए गए, तो यह संकट भारतीय कृषि को अधिक मजबूत, टिकाऊ और आत्मनिर्भर बनाने का अवसर बन सकता है। यदि इसे केवल एक अस्थायी समस्या मानकर अनदेखा कर दिया गया, तो आने वाला समय किसानों और देश दोनों के लिए कठिन हो सकता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि 'खरीफ 2026' केवल एक कृषि मौसम नहीं, बल्कि भारत की कृषि नीति और खाद्य सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण चेतावनी है। (सप्रेस)

– श्री निलेश देसाई झाबुआ जिले की 'संपर्क' संस्था के संस्थापक निदेशक हैं। वे 'जमनालाल बजाज पुरस्कार' से सम्मानित हो चुके हैं।

**कहानी**

## दो घड़े

एक बार एक नदी में जोरो की बाढ़ आई। तीन दिनों के बाद बाढ़ का जोर कुछ कम हुआ। बाढ़ के पानी में ढेरों चीजें बह रही थीं। उनमें एक ताँबे का घड़ा एवं एक मिट्टी का घड़ा भी था। ये दोनों घड़े अगल–बगल तैर रहे थे।

ताँबे के घड़े ने मिट्टी के घड़े से कहा, अरे भाई, तुम तो नरम मिट्टी के बने हुए हो और बहुत नाजुक हो अगर तुम चाहो, तो मेरे समीप आ जाओ। मेरे पास रहने से तुम सुरक्षित रहोगे।

मेरा इतना ख्याल रखने के लिए अपको धन्यवाद, मिट्टी का घड़ा बोला, मैं आपके करीब आने की हिम्मत नहीं कर सकता। आप बहुत मजबूत और बलिष्ठ हैं। मैं ठहरा कमजोर और नाजुक कहीं हम आपस में टकरा गए, तो मेरे टुकड़े–टुकड़े हो जाएँगे। यदि आप सचमुच मेरे हितैषी हैं, तो कृपया मुझसे थोड़ा दूर ही रहिए।


इतना कहकर मिट्टी का घड़ा तैरता हुआ ताँबे के घड़े से दूर चला गया।


शिक्षा – ताकवर पड़ोसी से दूर रहने में ही भलाई है।

-साभार : प्रेरणादायक कहानी


**भारत स्टेशनरी**
जयप्रकाश शाला के पास पिपरिया मोबाईल –9406561805
कापीयां, पुस्तक, पेन पेन्सिल, गाईड, स्कूल बैग स्टेशनरी के विक्रेता
कम्प्यूईराइजड रबर स्टेम्प बनाई जाती है।
फोटोकापी की सुविधा उपलब्ध है।


**गोपी गहना**
चांदी, सोना आभूषण एवं गिफ्ट आईटम के विक्रेता
अब आनन्द बाग मार्ग चिन्ताहरण मंदिर के पास
पुलिया के सामने दूसरी दुकान राजेन्द्र वार्ड पिपरिया
मो. 9425475981, 7693075981

**प्रकाश डिजिटल फोटो स्टूडियो**
पाठक जी की चाल सांडिया रोड, पिपरिया

शादी, जन्मदिन, अन्य पार्टियों एवं कार्न्फेस के लिए पिपरिया शहर में पहली बार प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है

मो. 9893331604
**माहेश्वरी फर्नीचर स्टोर्स**
सीमेंट रोड, पिपरिया

**अधिकृत विक्रेता**
नीलकमल फर्नीचर एवं कोरफोम गद्दे, अलमारी, कूलर, टी.वी, पंखे, गद्दे, सोफा, कार्पेट एवं फोम मटेरियल

**विवेक सेनेटरी एण्ड हार्डवेयर**
हिन्दुस्तान पेट्रोल पम्प के बाजू में पचमढ़ी रोड, पिपरिया
9479381880, 9131649108
**मिलने का स्थान –**
यू.पी. व्ही.सी., सी.पी. व्ही.सी., एस. डब्लू. आर, आई.डोल, प्लास्टो पाइप एंड फिटिंग उचित मूल्य पर प्राप्त करें।

## भीषण गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क, लू से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

जनसंपर्क नर्मदापुरम । नर्मदापुरम जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए प्रिंट और सोशल मीडिया के माध्यम से विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। भीषण गर्मी और संभावित लू के प्रभाव से लोगों को सुरक्षित रखने के लिए विभाग द्वारा विशेष एडवाइजरी जारी की गई है। यह अभियान राष्ट्रीय जलवायु और मानव स्वास्थ्य परिवर्तन के तहत चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बदलते मौसम के प्रभाव से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति आमजन को जागरूक करना है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष 2026 के गर्मी के मौसम में संभावित स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। विभाग के अनुसार अत्यधिक तापमान के कारण लू (हीट स्ट्रोक), डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, उल्टी, सिरदर्द, बुखार, थकान और त्वचा से जुड़ी कई समस्याएं होने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं तथा लंबे समय तक धूप में काम करने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि गर्मी के मौसम में अनावश्यक रूप से तेज धूप में बाहर निकलने से बचें। विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच धूप में जाने से परहेज करना चाहिए। इसके साथ ही अधिक मात्रा में पानी पीने की सलाह दी गई है ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। गर्मी से राहत पाने के लिए नींबू पानी, छाछ, लस्सी और ओआरएस जैसे पेय पदार्थों का सेवन लाभदायक बताया गया है।

विभाग ने यह भी सुझाव दिया है कि लोग हल्के रंग के ढीले और सूती कपड़े पहनें। बाहर निकलते समय सिर को टोपी, गमछा या कपड़े से ढककर रखें ताकि सीधे धूप का प्रभाव कम हो सके। साथ ही बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है, क्योंकि ये वर्ग गर्मी के प्रभाव के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।

सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत के अनुसार यदि किसी व्यक्ति को अत्यधिक पसीना आना, तेज बुखार, चक्कर आना, उल्टी, बेहोशी या अत्यधिक थकान जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत सतर्क हो जाना चाहिए। ऐसी स्थिति में प्रभावित व्यक्ति को तुरंत छायादार और ठंडी जगह पर ले जाकर आराम कराया जाए। उसे पानी या ओआरएस पिलाया जाए और जल्द से जल्द नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर उपचार कराया जाए।

जिले के एपिडेमियोलॉजीस्ट आर एस चौहान ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में लापरवाही से बचें और स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य संस्था से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक दवाइयों और उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को समय पर इलाज उपलब्ध कराया जा सके।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा यह जागरूकता अभियान लोगों को गर्मी से होने वाले खतरों के प्रति सचेत करने के साथ–साथ सुरक्षित रहने के उपायों के बारे में भी जानकारी दे रहा है। प्रशासन का उद्देश्य है कि समय रहते सावधानी बरतकर लोग भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से बचने हेतु सजग रहें।

## ″सतपुड़ा की रानी″ पचमढ़ी में पर्यटन को बढ़ावा देने नई गाइड जारी प्राकृतिक सौंदर्य, आस्था और एडवेंचर का अनोखा संगम, पर्यटकों को मिलेगी सुरक्षित व सुविधाजनक यात्रा



जनसंपर्क नर्मदापुरम । नर्मदापुरम जिले सतपुडा पर्वत श्रंखला की वादियों में बसी ″सतपुड़ा की रानी″ पचमढ़ी अपने मनमोहक प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण, झरनों की मधुर ध्वनि और आध्यात्मिक स्थलों के कारण देश–विदेश के पर्यटकों का प्रमुख आकर्षण बनी हुई है। पर्यटन को और अधिक सुगम, व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से जिला पर्यटन कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा पचमढ़ी के प्रमुख पर्यटन स्थलों की एक विस्तृत एवं उपयोगी गाइड जारी की गई है। यह गाइड पर्यटकों को न केवल विभिन्न स्थलों की जानकारी उपलब्ध कराती है, बल्कि यह भी बताती है कि किन स्थानों तक कैसे पहुँचना है, उनकी दूरी कितनी है तथा कहाँ अनुमति आवश्यक है। इससे पर्यटकों की यात्रा अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और यादगार बन सकेगी।

**पचमढ़ी–हर कदम पर नया अनुभव**

पचमढ़ी में आस्था, इतिहास और प्रकृति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। धार्मिक स्थलों में जटाशंकर गुफा, गुप्त महादेव, बड़ा महादेव मंदिर तथा चौरागढ़ महादेव विशेष आकर्षण हैं। वहीं पांडव गुफाएं ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व के लिए प्रसिद्ध हैं। प्राकृतिक सौंदर्य के अंतर्गत बी फॉल (जमुना प्रपात), अप्सरा विहार, डचेस फॉल तथा रजत प्रपात पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। सूर्योदय एवं सूर्यास्त के अद्भुत दृश्यों के लिए धूपगढ़, प्रियदर्शिनी पॉइंट, हांडी खोह, ईको पॉइंट और ग्रीन वैली प्रमुख स्थल हैं। इसके अलावा पचमढ़ी झील, बेगम पैलेस तथा सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान जैसे स्थल भी यात्रा को और अधिक खास बनाते हैं।

**पर्यटकों के लिए जरूरी सुझाव**

गाइड में पर्यटकों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए हैं, जिनमें कुछ स्थलों के लिए वन विभाग की अनुमति, निर्धारित समय एवं मार्गों का पालन, प्लास्टिक उपयोग से बचाव तथा एडवेंचर स्थलों पर गाइड लेना अनिवार्य बताया गया है। ″स्वच्छ पचमढ़ी, सुंदर पचमढ़ी″ के संदेश के साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया गया है।

**हर मौसम में खास, हर पल यादगार**

पचमढ़ी में लगभग 15 से 20 प्रमुख पर्यटन स्थल हैं, जो प्रकृति, रोमांच और आध्यात्मिक अनुभव का अनूठा संगम प्रस्तुत करते हैं। जिला पर्यटन कार्यालय द्वारा जारी यह नई गाइड पर्यटकों को एक संपूर्ण, सुरक्षित और यादगार यात्रा अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

## 27 मार्च से हरदा, 1 अप्रैल से तवा नहर संभाग सिवनी मालवा, 5 अप्रैल से इटारसी तथा 8 अप्रैल से सोहागपुर के लिए नहरों से पानी छोड़ने के लिए तिथियां निर्धारित

### ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई हेतु संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न

जनसंपर्क नर्मदापुरम । कमिश्नर कार्यालय नर्मदापुरम में सोमवार को नर्मदापुरम संभाग आयुक्त श्री कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई हेतु संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक श्री मिथलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी श्री आशीष खरे, नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम श्री साइ कृष्ण एस थोटा, नर्मदापुरम जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु जैन, संयुक्ध्त आयुक्त विकास श्री नवल मीना, मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग श्री राजाराम मीना सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे। हरदा कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ऑनलाईन उपस्थित रहे।

बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि हरदा जिले हेतु बायीं तट मुख्य नहर से 27 मार्च 2026 को तवा नहर में पानी प्रवाहित किया जाएगा। तवा नहर संभाग सिवनी मालवा की रायगढ, मकढई एवं भिलाडिया उपनहर, मिसरोद उपनहर के लिए 1 अप्रैल 2026 से, तवा परियोजना संभाग इटारसी (सुपरली, इटारसी, होशंगाबाद उप नहर) के लिए 5 अप्रैल 2026 से तथा पिपरिया शाखा नहर संभाग सोहागपुर हेतु दायीं तट मुख्य नहर से किसानों की मांग के अनुसार 08 अप्रैल से जल प्रवाह शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग श्री राजाराम मीना ने बताया कि तवा बांध में 865 एमसीएम/ 1143.30 फिट पानी है जिसमें से 771 एमसीएम पानी सिंचाई के लिए उपलब्ध रहेगा। कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने नहरों की सुरक्षा के लिए पुलिस, जल संसाधन विभाग के अमले, राजस्व विभाग के अमले एवं एमपीबी के अमले को संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए।


**मकान शीघ्र बेचना है**

पचमढ़ी रोड शुभम ढावा के पीछे 7 ½X50 में बना हुआ पक्का मकान सर्वसुविधायुक्त है इसे यथा शीघ्र बेचना है। इच्छुक व्यक्ति शीघ्र सम्पर्क करें।

सम्पर्क करें -9131123486

**किराये से देना है**

(1) राजौरिया की चाल सांडिया रोड में मकान किराये से देना है।
(2) मंगलवारा बाजार द्वितीयतल पर दुकान किराये से देना है।
(3) 20 X50 की गौदाम सिलारी में किराये से देना है।
(4) 35 X80 सांडिया रोड पर प्लाट किराये से देना है
(5) 60 X120 रिपटा मंदिर के पीछे प्लाट किराये से देना है।

सम्पर्क-9425475310, 9425475366, 9993327795

रजिस्ट्रेशन नं. 9546171019

**किरण फ्रेक्चर एंड पेन क्लीनिक**

**डॉ. सुयश शर्मा**
(हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस.डीएनबी आर्थो

मिलने का समय–
प्रात: 11 से दोप. 2.00 बजे तक शाम 5 से 7.30 बजे तक

**डॉ.विभा शर्मा**
MBBS,MD,FIPM

मिलने का समय–
शाम 6.00 से 7.30 बजे तक

नोट – आधुनिक तकनीक से सभी प्रकार के दर्द का इलाज किया जाता है।
आपरेशन की सुविधा समर्थ अस्पताल में उपलब्ध है। (इमरजेंसी में समर्थ अस्पताल में संपर्क करें)
फ्रेक्चर, स्पोर्ट इंजुरी, सायटिका, गठिया, कमर, ऐड़ी, कोहनी, घुटने के दर्द अथवा चोट का इलाज किया जाता है।

उपलब्ध सुविधाएँ–डिजिटल X-ray, वॉटर प्रूफ प्लास्टर

स्थान–अशोक वार्ड, पी.पी. एस स्कूल के पास, सांडिया रोड पिपरिया


स्वत्वाधिकारी संपादक मुद्रक प्रकाशक–प्रकाशचन्द्र मंडलोई कैलाश पेपर इंडस्ट्रीज, सांडिया रोड, पिपरिया जिला– नर्मदापुरम (म.प्र) से मुद्रित प्रकाशित मो. 09425708959 संपादक –प्रकाशचन्द्र मंडलोई
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र पिपरिया न्यायालय रहेगा। E-mail-pipariyaprakash@gmail.com

PIPARIY fina 26-3-2026 - Copy - Copy.pmd 8 3/28/2026, 9:25 AM